# हे मेरे बांके बिहारी पागल बनाया आपने भजन लिरिक्स

हे मेरे बांके बिहारी,
पागल बनाया आपने,
पागल बनाया आपने प्यारे,
पागल बनाया आपने,
हे मेरे गिरधर मुरारी,
पागल बनाया आपने।bd।

तर्ज – दिल से दिल भरकर ना देखि।

---

मै भटकता था जहां में,
कोई भी अपना ना था,
गम के आंसू पी रहा था,
भाग्य में हसना ना था,
मेरा अपना कौन पराया,
ये बताया आपने,
हे मेरे बाँके बिहारी,
पागल बनाया आपने।bd।

---

आपने ठुकराया मुझको,
तो कहां मै जाऊंगा,
दूर रहकर तुझसे प्यारे,
मैं तो जी ना पाऊंगा,
दुनिया से मेरा दिल हटा कर,
दिल चुराया आपने,
हे मेरे बाँके बिहारी,
पागल बनाया आपने।bd।

---

वृंदावन में ही बसा लो,
ये ही दिल की आस है,
दूर रहकर भी ये 'कन्नू',
श्री चरणों के पास है,
'पारस' का हर कष्ट मिटा कर,
अपना बनाया आपने,
हे मेरे बाँके बिहारी,
पागल बनाया आपने।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हे मेरे बांके बिहारी,
पागल बनाया आपने,
पागल बनाया आपने प्यारे,
पागल बनाया आपने,
हे मेरे गिरधर मुरारी,
पागल बनाया आपने।bd।

**– Singer & Upload By –**
**Kannu Ladla**
**9411080638**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com